12. पढ़ो, समझो और शब्द पूरे करो।

क्+ष = क्ष	अ__र	__मा	क__ा
त्+र = त्र	प__	मि__	छा__
ज्+ञ = ज्ञ	वि__ान	__ानी	वै__ानिक
श्+र = श्र	__म	__मिक	__ीमान

क्ष, त्र, ज्ञ और श्र संयुक्त व्यंजन हैं। ये दो व्यंजनों से मिलकर बनते हैं।

13. बोलकर पढ़ो।

दो समान व्यंजनों (एक आधा और एक पूरा) के मेल से संयुक्त रूप बनता है।

च् + च = च्च बच्चा

क् + क = क्क मक्का

न् + न = न्न गन्ना

स् + स = स्स रस्सी



दो अलग-अलग व्यंजनों (एक आधा और दूसरा पूरा) के मेल से भी संयुक्त रूप बनता है।

च् + छ = च्छ मच्छर

क् + ख = क्ख मक्खन

स् + त = स्त पास्ता

प् + य = प्य प्याज



14. चित्र देखकर सही शब्द लिखो।

















कद्दू
लट्टू
गोलगप्पे
गुल्लक
पुस्तक
सब्जी
बिस्कुट
कुल्फी

शिक्षण संकेत कद्दू, लट्टू ऐसे भी लिखा जाता है—कद्दू, लट्टू।

3 शब्द और वाक्य

1. पढ़ो और समझो।

ल् + अ + ड़् + अ + क् + आ	लड़का
ह् + इ + र् + अ + न् + अ	हिरन
त् + अ + र् + अ + ब् + ऊ + ज् + अ	तरबूज
ब् + अ + र् + अ + ग् + अ + द् + अ	बरगद

वर्णों के सही मेल से शब्द बनते हैं।

2. पढ़ो और जोड़कर शब्द बनाओ।



क. न् + अ + ह् + अ + र् + अ _____

ख. इ + ड़् + अ + ल् + ई _____


ग. प् + य् + आ + ज् + अ _____



घ. ग् + अ + द् + द् + आ _____

ङ. ब् + आ + द् + अ + ल् + अ _____

च. र् + ए + ल् + अ + ग् + आ + ड़् + ई _____



3. शब्द-सीढ़ी पूरी करो।



अखरोट → ट__टर → __स्सी → सी__

नारि__ल ← __गीना ← __गन ← प__ग



वस्तु			
स्थान			
भाव			

3. संज्ञा के तीन भेद हैं, पढ़ो।

रतन को आम की मिठास अच्छी लगती है।

जातिवाचक व्यक्तिवाचक भाववाचक

बाघ को देखकर अमर डर से काँपने लगा।



4. कुछ नाम किसी एक का नहीं, बल्कि उसी तरह के बहुत सारे लोगों, प्राणियों, चीजों या जगहों का बोध कराते हैं। गद्यांश में से ऐसे पाँच नाम पर गोला लगाओ।



एक लड़की पार्क गई। उसने देखा...

पार्क में चारों ओर पेड़ थे।

रंग-बिरंगे फूल खिले थे।

चिड़िया चहचहा रही थी।

लड़का साइकिल चला रहा था।

गिलहरी उछल-कूद कर रही थी।

किसी व्यक्ति, प्राणी, वस्तु या स्थान की पूरी जाति का बोध करानेवाले शब्द जातिवाचक संज्ञा (common noun) कहलाते हैं, जैसे लड़का, चिड़िया, गिलहरी, फूल, साइकिल, आदि।

शिक्षण संकेत गद्यांश को ऐसे भी लिखा जाता है—गद्यांश।

7 वचन

1. कविता पढ़ो और रंगीन शब्दों को सही स्थान पर लिखो।



मेरे चाचाजी गए बाजार, सबके लिए लाए उपहार।

एक चश्मा दादाजी को, दो चश्मे दादीजी को दिए।

एक घड़ी पिताजी को, दो घड़ियाँ माँ को मिलीं।

एक खिलौना मेरे लिए, तीन खिलौने बहन के लिए।

सबके लिए मिठाइयाँ लाए, मिल-बाँटकर सबने खाए।

चाचाजी करते सबसे प्यार, सबका रखते खूब खयाल।







एक	अनेक
चश्मा	चश्मे







संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उनके एक या अनेक होने का बोध हो, उसे वचन (number) कहते हैं। एक का बोध करानेवाले शब्द एकवचन (singular) और एक से अधिक का बोध करानेवाले बहुवचन (plural) कहलाते हैं, जैसे लड़का-लड़के (संज्ञा), वह-वे (सर्वनाम), आदि।

9 विशेषण



1. पढ़ो और समझो।

नैना और उसकी बड़ी बहन रीमा बरामदे में बैठी हैं। बाहर तेज बारिश हो रही है। छत से साफ पानी टपक रहा है। वे पानी बचाने के बारे में बातचीत कर रही हैं।

नैना दीदी, क्या हम बारिश का पानी जमा कर सकते हैं?

रीमा हाँ, कर सकते हैं। इसके लिए बड़ी बाल्टी चाहिए।

नैना हाँ दीदी, बाल्टी यहाँ रख देते हैं। फिर जमा किए हुए पानी को पौधों में डालेंगे और पुरानी कार भी धोएँगे।

रीमा नैना, तुम समझदार हो गई हो।

इस बातचीत में आए रंगीन शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बता रहे हैं।

संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतानेवाले शब्द विशेषण (adjective) कहलाते हैं, जैसे बड़ी बहन, तेज बारिश, पुरानी कार, आदि।

2. संज्ञा के लिए जो विशेषण शब्द सही हैं, उनपर ✓ लगाओ।



दूध	ठंडा	मीठा	तिकोना
गेंद	गोल	बड़ी	चौकोर
समोसा	लंबा	तिकोना	गरम
टमाटर	लाल	गोल	मेहनती





शिक्षण संकेत बच्चों से पूछें, गेंद कैसी है? (गोल), दूध कैसा है? (मीठा), टमाटर किस रंग का है? (लाल)। उनके उत्तरों की सहायता से विशेषण की पहचान कराएँ।

6. वाक्यों में आए संख्यावाचक विशेषण शब्दों पर गोला लगाओ।

अमर को कक्षा में पहला स्थान मिला। माँ ने खुश होकर उसे एक दूरबीन दी। अमर बालकनी में खड़ा होकर दूरबीन से पाँच गुब्बारे उड़ते हुए देखने लगा। वह पीछे की ओर चलने लगा। वहाँ तीन गमले रखे हुए थे। पीछे चलते समय अमर का पैर एक गमले से टकराया और वह टूट गया। यह देखकर अमर घबरा गया। उसने माँ से माफी माँगी।



7. रंगीन शब्द संज्ञा या सर्वनाम की मात्रा, माप या तौल बता रहे हैं। पढ़ो और समझो।

- घड़े में थोड़ा पानी बचा है।
- चाय में बहुत चीनी है।
- दरजी ने पाँच मीटर कपड़ा लिया।
- मैंने तीन किलो चावल खरीदा।
- एक लीटर पानी लेकर आओ।



परिमाणवाचक विशेषण
किसी वस्तु की मात्रा, माप या तौल बताते हैं। ये प्रायः उन चीजों के लिए आते हैं, जिन्हें गिना नहीं जाता, बल्कि मापा या तौला जाता है।

8. विशेषण शब्दों पर गोला लगाओ और इनमें से परिमाणवाचक विशेषण शब्दों को छाँटकर लिखो।



रविवार की सुबह पिताजी बाजार से दो किलो ताजी लाल गाजर लाए। माँ ने एक बड़े पतीले में तीन लीटर दूध गरम किया। फिर गाजरों को साफ पानी से धोकर कद्दूकस कर लिया और दूध में डालकर पकाया। जल्द ही हलवे से मीठी सुगंध आने लगी। माँ ने उसमें आधा किलो चीनी, दो सौ ग्राम मेवे, थोड़ा घी और पाँच हरी इलायची डाल दी। अब स्वादिष्ट गाजर का हलवा तैयार हो गया। माँ ने तीन छोटी कटोरियों में हलवा परोसा। हम सबने गरम हलवा मजे से खाया।

10 क्रिया

1. पढ़ो और काम बतानेवाले शब्दों पर गोला लगाओ।

इला को पसंद है

सुबह-सुबह उठना, बगीचे में टहलना।

फूलों को देखना, चिड़ियों की बोली सुनना।

घास पर चलना, झूले पर बैठना।

दोस्तों संग खेलना, हँसना और हँसाना।



2. कुछ काम अपने-आप होते हैं। मिलान करो।



फूल	बहना	पत्ते	चमकना
नदी	उगना	बारिश	गिरना
सूरज	खिलना	बिजली	होना

जिन शब्दों से काम के करने या होने का पता चले, उन्हें क्रिया (verb) कहते हैं, जैसे खेलना, बनाना, खिलना, आदि।

3. जो क्रिया शब्द नहीं हैं, उनपर × लगाओ।

क.	टहलना	रोना	चलना	बतख
ख.	बैठना	उठना	फूल	झूलना
ग.	देखना	घास	सुनना	हँसना



शिक्षण संकेत पत्ते को ऐसे भी लिखा जाता है—पत्ते।

च. सरोवर का जल साफ है। _____

छ. मेरे पिता सुबह सैर पर गए। _____

ज. शेर जंगल का राजा है। _____

8. कविता में आए रंगीन शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो।

काले बादल नभ में छाए,
गरज-गरजकर बरखा लाए।
धरती पर हरियाली छाई,
शीतल मंद पवन बह आई।
झूमे तरु, सुमन मुस्काए,
घर से बच्चे बाहर आए।



बादल		पवन	
नभ		तरु	
बरखा		सुमन	
धरती		घर	



पर्यायवाची साथी ढूँढ़ो। शिक्षक अलग-अलग पर्चियों पर शब्द लिखें–

सूरज, रवि, जल, नीर, मित्र, सखा, हवा, पवन, फूल, पुष्प, आदि। हर बच्चा एक पर्ची उठाए और उस बच्चे को ढूँढ़े जिसकी पर्ची पर उसके शब्द का पर्यायवाची लिखा हो। साथी मिलने पर दोनों बच्चे अपने-अपने शब्दों का प्रयोग करके एक-एक वाक्य बोलें।

3. मिलान करो।

धनी	हार	सफल	अहित
सरल	अशांत	शुभ	असुविधा
शांत	कठिन	हित	अशुभ
जीत	कायर	सुविधा	अस्वस्थ
वीर	निर्धन	स्वस्थ	असफल





कुछ शब्दों के आगे अ लगाने से उनके विलोम शब्द बन जाते हैं।

4. दिए गए शब्दों के सही विलोम चुनकर लिखो।



उदय

सवाल	
	गलत
एक	
	लिखित

उदय	
	मूर्ख
इधर	
	ज्यादा

जवाब
सही
अस्त
कम
मौखिक
उधर
चतुर
अनेक



अस्त

8. कविता सुनो, पढ़ो और विलोम शब्दों को छाँटकर लिखो।

जीत मिले तो खुश हो जाना,
हार मिले तो उदास न होना।

सच की राह पर आगे बढ़ना,
झूठ के पीछे कभी न चलना।

नया सीखना, पुराना जानना,
बड़ों और छोटों का सम्मान करना।



जीत	हार				

हँसते-खेलते

विलोम शब्दों का खेल

शिक्षक बच्चों से विलोम शब्दों के जोड़े बोलने के लिए कहें। पहला विद्यार्थी एक शब्द बोलेगा—अच्छा। दूसरा विद्यार्थी उसका विलोम शब्द बोलेगा—बुरा। इसके बाद तीसरा विद्यार्थी रात बोलेगा और चौथा विद्यार्थी उसका विलोम शब्द दिन बोलेगा। इसी प्रकार सभी बच्चे बारी-बारी से विलोम शब्दों के जोड़े बोलेंगे और खेल आगे बढ़ेगा।

नियम पहले बोले गए शब्द दोबारा नहीं बोले जाएँगे।



14 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

1. देखो, अविका के घर में कौन-कौन क्या करता है।



अविका क्रिकेट खेलती है।

उसका भाई कविताएँ लिखता है।





उसकी दादी मूर्तियाँ बनाती हैं।


अविका के दादाजी चित्र बनाते हैं।





उसकी माँ बीमार लोगों का इलाज करती हैं।

उसके पिताजी विद्यालय में बच्चों को पढ़ाते हैं।



ऊपर दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द चुनकर लिखो।

- जो क्रिकेट खेलती है _____
- जो कविताएँ लिखता है _____
- जो चित्र बनाता है _____
- जो मूर्तियाँ बनाती है _____
- जो बच्चों को पढ़ाता है _____
- जो बीमार लोगों का इलाज करती है _____

कवि मूर्तिकार
शिक्षक डॉक्टर
चित्रकार क्रिकेटर

ग. मेरे नाना गाँव में रहते हैं। _____

बगीचे में नाना प्रकार के फूल खिले हैं। _____

घ. आकाश में काले घन छा गए। _____

मजदूर ने घन से पत्थर तोड़ा। _____

ङ. हिंदी वर्णमाला का पहला वर्ण 'अ' है। _____

मोर के पंखों का वर्ण सुंदर है। _____



6. दिए गए शब्दों के अर्थ के अनुसार वाक्य बनाओ।

क. चोटी पहाड़ का सबसे ऊँचा भाग एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचनेवाली पहली भारतीय महिला बछेंद्री पाल थीं।

गुँथे हुए बाल _____

ख. हार माला _____

पराजय _____

ग. पात्र बरतन _____

कहानी का पात्र _____



देखो और बनाओ। बॉक्स में दिए गए मगर शब्द के दो अलग-अलग अर्थ बताओ।

आवश्यक सामग्री

- हरे और सफेद रंग का कागज
- गोंद और कैंची
- गुगली आँखें/काली-सफेद गोल बिंदियाँ, काला स्केच पेन

बच्चे मगर को देखने आए,
मगर उसे वे देख न पाए।



ध्यान रखो कागज का रोल काटते समय किसी बड़े की मदद लो।

3. चित्र देखो और सही समूहवाची शब्द लिखो।



_____



_____



_____



_____



_____



_____

4. सही समूहवाची शब्द चुनकर खाली जगह भरो।

क. मेज पर चाबियों का _____ रखा है। (झुंड / गुच्छा)

ख. लकड़ियों का _____ यहाँ रख दो। (गट्ठर / पंक्ति)

ग. आँगन में अनाज का _____ पड़ा था। (गड्डी / ढेर)

घ. अनीता के पास नोटों की एक _____ है। (टोली / गड्डी)

ङ. हमने जंगल में हाथियों का एक _____ देखा। (टोली / झुंड)

च. मेले में लोगों की _____ जमा हो गई। (भीड़ / गुच्छा)

5. सही जोड़ी मिलाओ और वाक्य बनाओ।

शब्द	समूहवाची शब्द	शब्द	समूहवाची शब्द
मित्र	ढेर	नोट	दल
कूड़ा	झुंड	खिलाड़ी	मंडली
पक्षी	टोली	कलाकार	गड्डी



18 मुहावरे

1. पढ़ो और वाक्यों में आए रंगीन वाक्यांशों के अर्थ समझो।



जय का चेहरा खिल गया।

2. दिए गए रंगीन वाक्यांशों के सही अर्थ पर ✓ लगाओ।

पेट में चूहे कूदना	पेट में दर्द होना	बहुत भूख लगना
मुँह में पानी आना	खाने की इच्छा होना	प्यास लगना
चेहरा खिल जाना	बहुत खुश होना	चेहरा सुंदर होना

बातचीत में आए रंगीन वाक्यांश अपने सामान्य अर्थ से अलग अर्थ बता रहे हैं। ऐसे वाक्यांश मुहावरे कहलाते हैं।

20 संवाद लेखन

1. सही शब्द चुनकर संवाद पूरा करो।

• तस्वीरें • दिल्ली • बस • कुतुब मीनार • शुक्रवार

तारा मोहित, हमारे विद्यालय की पिकनिक कब है?

मोहित इस _____ को।
हम _____ देखने जाएँगे।



तारा वह कहाँ है?

मोहित _____ में है।

तारा हम वहाँ कैसे जाएँगे?

मोहित हम विद्यालय की _____ से जाएँगे।

तारा वाह! मैं वहाँ खूब सारी _____ खींचूँगी।

2. इरा और विवान के संवाद की पंक्तियाँ सुनो और उनके आगे 1 से 6 तक सही क्रम लिखो।



इरा मैंने रस्सी कूद चुना है। आज अभ्यास करें? ◯

विवान पक्का! चार बजे मैदान में मिलते हैं। ◯

इरा ठीक है, मैं अपनी रस्सी लेकर आऊँगी। ◯

विवान और मैं पानी की बोतल भी लेकर आऊँगा। ◯

इरा क्या तुमने खेल-कूद दिवस के लिए नाम लिखवाया? ◯

विवान हाँ, मैं दौड़ में भाग ले रहा हूँ। तुमने कौन-सा खेल चुना है? ◯